## खबर संक्षेप

### चित्रकूट में अषाढ़ अमावस्या पर उमड़े श्रद्धालु, मंदाकिनी में स्नान कर कामतानाथ मंदिर में की पूजा



**सतना।** चित्रकूट में आषाढ़ मास की अमावस्या पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। लाखों श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान किया और भगवान कामतानाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। प्रशासन ने इस अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। अधिकारियों को करीब 5 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। आषाढ़ मास की अमावस्या का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन किसान अच्छे मानसून की कामना करते हैं।श्रद्धालुओं ने कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा भी की। स्थानीय मान्यता के अनुसार, कामतानाथ मंदिर में पूजा मात्र से ही मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह स्थान भगवान श्रीराम के निवास से जुड़ा है। इसलिए यहां की पूजा का विशेष महत्व है। इस अमावस्या पर किसान अच्छी बारिश और आपदा से बचाव की प्रार्थना करते हैं। इसी दिन से कई किसान अपने खेती कार्य की शुरुआत भी करते हैं। प्रतिवर्ष आषाढ़ मास में इस क्षेत्र में वर्षा का होना भी इस दिन की महत्ता को दर्शाता है।

### हरनामपुर जगन्नाथ मंदिर के आयोजन स्थल का विधायक ने किया मुआयना

**मैहर।** मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी श्री जगन्नाथ भगवान के मंदिर पहुंच कर आगामी 27 तारीख को होने वाले भव्य आयोजन का जायजा लिया।भंडारे स्थल का जायजा लेकर गौमाता को भोजन कराया।विधायक ने तमाम तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर आयोजन को भव्य बनाए जाने की बात कही। साथ ही तालाब के काया कल्प कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मेरा सपना है कि मैहर माई का धाम है इसलिए स्वच्छ सुंदर और व्यवस्थित हो कोई भी बाहरी व्यक्ति शहर में आए तो उसे लगे कि शहर व्यवस्थित है इसके लिए मैं सतत प्रयासरत था हुं और रहूंगा।

### ऑटो चालक की संदिग्ध मौत, रात में सोशल मीडिया पर रील डाली, सुबह पेड़ पर लटका मिला

**मैहर।** एक 19 वर्षीय ऑटो चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। ग्राम सोनवारी में बुधवार की सुबह मोहम्मद इरफान का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। इरफान ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह सोशल मीडिया पर रील बनाने का शौकीन था। मंगलवार रात खाने के बाद वह घर के बाहर मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। परिजनों के सोने के बाद भी वह फोन पर बात करता रहा। परिजनों के अनुसार,रात करीब 1 बजे इरफान ने किसी से फोन पर बात की। रात 2 बजे के आसपास उसने सोशल मीडिया पर दो रील भी अपलोड कीं। सुबह उसका शव पेड़ पर लटका मिला। मौके पर पहुंची मैहर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। परिजनों ने प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विकास कार्यों में आ रही भ्रष्टाचार की बू : भाटिया



**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने जारी बयान में कहा है कि नगर निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की बु आने लगी है उन्होंने कहा कि अभी हाल में ही नारायण तालाब के मेढ़ का निर्माण कराया गया था लेकिन उसमें दरारें आ गई है जिसके कारण आसपास रहने वाले लोगों पर कभी भी खतरा बन सकता है। श्री भाटिया ने कहा यह सीजन बारिश का है और जैसे-जैसे तालाब में पानी का भराव होगा फूटने का खतरा बढ़ जाएगा। श्री भाटिया ने कहा कि इस तरह के कई उदाहरण शहर में मौजूद हैं जहां ठेकेदार व नगर निगम के इंजीनियरों ने विकास के नाम पर लीपा पोती करके रख दिए जो की शर्मनाक है। श्री भाटिया ने जिला प्रशासन से मांग की है इन भ्रष्टाचारों की शक्ति के साथ जांच कराने की मांग की है।

### घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो एवं दो मोटर सायकल बरामद

# अपहरण में 8 व गैंगरेप की घटना में शामिल 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज, सतना।

थाना अमरपाटन पुलिस का मोबाईल पर सूचना प्राप्त हुई कि कुम्हारी गांव के एक युवक को स्कार्पियो वाहन से आये 06-07 अज्ञात लोगों द्वारा अपरहरण कर लिया गया है। अपहरणकर्ताओं के साथ आये एक युवक अमित कुशवाहा को ग्रामीणों के द्वारा पकड लेने की भी जानकारी मिली।



घटना की जानकारी लगते ही अमरपाटन पुलिस के द्वारा मामले को गंभीरता से लिया जाकर अमित कुशवाहा से पूछताछ की गई व अपहत युवक की तलाश शुरू की गई। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के द्वारा तत्काल थाना प्रभारी अमरपाटन,रामनगर, ताला,देहात एवं मैहर के नेतृत्व में पांच टीमें गठित करते हुए सर्चिंग अभियान को तेज किया। सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी को पुष्पेन्द्र लोनी उम्र 23 साल एवं सिद्धार्थ लोनी उम्र 20 साल दोनो निवासी ग्राम कुम्हारी के मिले। जिन्होनें बताया कि अरविन्द लोनी उर्फ कान्हा को सफेद रंग की स्कार्पियो में किडनैप करके कुछ लोग ले जा रहे थे,उस स्कार्पियो का पीछा करने पर दो बाईक पर सवार चार लोग हमारे साथ मारपीट करके हमें वहां से भगा दिये और अरविंद लोनी को ले गये। रिपोर्ट पर मौके पर ही देहाती नालसी 0/25 धारा 140(3), 296, 115(2), 351(3), 190, 191 (2) बीएनएस लेख की गई एवं अपहत व आरोपियों की तलाश की गई। पुलिस टीमों के तत्परतापूर्वक कार्यवाही से घटना के चंद घंटों के अंदर ही अपहत अरविन्द लोनी उर्फ कान्हा को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त कराया गया। व प्रकरण के 03 आरोपियों पुष्पेंद्र कुशवाहा,बलराम यादव एवं अमित कुशवाहा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई और पुष्पेंद्र कुशवाहा सहित 08 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोटर साईकल एवं एक स्कार्पियो वाहन जप्त किया गया है। शेष 02 आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस पार्टियां लगातार प्रयासरत हैं। अपहरणकर्ता पुष्पेंद्र कुशवाहा एवं अमित कुशवाहा से अपहरण की घटना कारित करने के कारण के संबंध में पूछताछ के दौरान यह जानकारी हुई कि इस घटना के 08 दिन पहले पुष्पेंद्र कुशवाहा अपने साथी अजय कुशवाहा उर्फ कल्लू व एक महिला जिससे कि पुष्पेंद्र कुशवाहा की शादी होने वाली थी के साथ मोटरसाईकिल से पपरा पहाड तरफ गए थे जहां दोपहर के समय ग्राम धौसडा के पास जंगल में बंटी सिंह व उसके तीन साथियों ने उनके एवं महिला साथी के साथ मारपीट करते हुए उसके पहने हुए गहने,नकदी रूपये और मोबाईल छीन लिये थे तथा आरोपी व उसके साथियों ने बारी बारी से महिला के साथ दुष्कर्म किया था एवं मारपीट करते हुए जान से मारने धमकी देकर पुष्पेंद्र व कल्लू कुशवाहा को भी उनकी महिला साथी के साथ शारीरिक संबंध बनाने को बाध्य किया था तथा घटना का वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी जा रही थी। वीडियो वायरल न करने के एवज में अनुचित मांगे की जा रहीं थी। बाद छीने गए मोबाईल व फुटेज वापस लेने के लिए पुष्पेंद्र कुशवाहा अपने गांव के साथियों के साथ कुम्हारी गए थे जहां विवाद होने पर अरविंद लोनी को साथ लेकर आए थे। अपहरण की घटना से प्रथम दृष्टया सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई, सत्यता के लिए इनकी महिला साथी की तलाश की गई किंतु वह नहीं मिल सकी बल्कि उसने थाना ताला जाकर उसके साथ घटित घटना की जानकारी दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी बंटी सिंह,पुष्पेंद्र कुशवाहा,अजय उर्फ कल्लू कुशवाहा एवं अन्य 03 अज्ञात आरोपियों के विरूद्व अपराध क्रमांक 640/25 धारा-70 (1), 309 (6) बी.एन.एस. पंजीबद्व कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान दो अन्य आरोपियों मंगेश लोनी एवं मनोज पाव जो कि उक्त घटना का वीडियो बना रहे थे के नाम बढाए गए। गैंगरैंप की घटना के 03 आरोपियों मंगेश लोनी, अरविंद लोनी एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से पीडिता व उसके साथी का लूटा गया मोबाईल एवं सोने के टॉप्स जप्त किये गए हैं। सभी आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

#### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

पुष्पेंद्र कुशवाहा पिता रामभुवन कुशवाहा उम्र 26 वर्ष,बलराम यादव उर्फ जैकी यादव पिता श्याम सुंदर यादव उम्र 23वर्ष,अमित कुशवाहा पिता चंद्रभान कुशवाहा उम्र 26 वर्ष,विष्णु उर्फ बंटी कुशवाह पिता सुदामा कुशवाहा उम्र 25 वर्ष,ललन कुशवाहा उर्फ खेलन उर्फ अखिलेश कुशवाहा पिता सुदामा कुशवाहा उम्र 28 वर्ष पिंटू कुशवाहा पिता जयराम कुशवाहा उम्र 30 वर्ष,डीग्गु कुशवाहा पिता दिलीप कुशवाहा उम्र 27 वर्ष सभी आरोपी भडरी तालाव प्रकाश कुशवाहा सोहागी है।

#### गैंगरेप की घटना के गिरफ्तार आरोपी

अरविंद लोनी उर्फ कान्हा पिता भगवान दास लोनी उम्र 21 वर्ष मंगेश लोनी पिता बाबूलाल लोनी उम्र 20 वर्ष और अपचारी बालक सभी निवासी ग्राम कुम्हारी थाना अमरपाटन है।



## जल योग के साथ मनाया विश्व योग दिवस

**सतना।** विश्व योग दिवस के अवसर पर जहां देश भर में लोग विविध प्रकार से एवं विभिन्न स्थानों पर योग प्रदर्शन कर रहे थे वहीं वरुणदेव स्विमिंग क्लब सतना ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक विशेष जल योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन टमस नदी के सिजहटा घाट पर आयोजित किया गया जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।वरुणदेव स्विमिंग क्लब पिछले 12 वर्षों से ऐसे आयोजन करता आ रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र गायत्री मंत्र और महा मृत्युंजय मंत्र के उच्चारण के साथ हुई,जिसके पश्चात जल में योग अभ्यास किया गया। प्राकृतिक वातावरण और नदी के शीतल जल के बीच योग करना सभी प्रतिभागियों के लिए एक आध्यात्मिक व स्वास्थ्यवर्धक अनुभव रहा। इस विशेष अवसर पर जल योग के माध्यम से तन और मन को शुद्ध करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए,जिससे योग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिला। योग अभ्यास का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन सौहार्दपूर्ण और सामूहिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। वरुण देव स्विमिंग क्लब के इस अनूठे आयोजन ने न केवल योग को जल से जोड़ने का प्रयास किया,बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी फैलाने का कार्य किया। इस आयोजन में क्लब के समस्त सदस्य मनमोहन माहेश्वरी वरिष्ठ समाजसेवी रामअवतार चमड़िया,प्रमोद देवड़ा,मम्मू वासवानी ,विनोद वाधवानी,अजय गेलानी,प्रवीण धमनानी लोकेश मखीजा सुरेश हेमवानी रवि मिश्रा अजय हिरवानी रिंकू बत्रा रिंकू राजपाल विकास असरानी जय शामनानी सुनील तोलवानी सुशील मोटवानी भारत मंघनानी छवि त्रिपाठी डॉ मुकेश त्रिपाठी दिलीप वसानी विनोद मिश्रा विनोद जयसवाल प्रणव माहेश्वरी सचिन जैन मंटू प्रीत जैन अमन अग्रवाल ओजस माहेश्वरी रोहित केसरवानी अंकित बंसल मयंक वसानी विक्की मखीजा पीयूष शामनानी गिरघर खटवानी हनी सिरवानी हनी साहिल राजवीर श्रवण वाधवानी पंकज वाधवानी आकाश वाधवानी जीतू जीवानी मुन्ना भैया राजू अग्रवाल नेता मोहनिया अशोक गुप्ता विजय तिवारी रोषू पुरसवानी पंकज असरानी प्रकाश असनानी मुकेश वाधवानी संजय कोटवानी हर्ष कोटवानी राजेश कोटवानी मनोज आयलानी हर्ष धनवानी शंकर धनवानी शामिल रहे।

## मथुरा से चांदी लेकर सतना आए युवक को जीआरपी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज, सतना।

जीआरपी ने महाकौशल एक्सप्रेस से सतना पहुंचे एक संदिग्ध यात्री के पास से 34 लाख 88 हजार रुपये मूल्य की 30 किलो 618 ग्राम चांदी जब्त की है। तलाशी एवं पूछताछ के दौरान यात्री ने अपने आपको मथुरा चौक बाजार मंडी रामदास गली थाना गोविन्दनगर का रहने वाला बताया है। अवैध चांदी के साथ पकड़े गये युवक ने अपना नाम पंकज सोनी पुत्र नवल किशोर सोनी 38 वर्ष बताया है। जीआरपी द्वारा चांदी के कागजात मांगे जाने पर वह किसी प्रकार का कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके कारण रेलवे पुलिस चौकी में आरोपी के खिलाफ इ.क्र.1/25 धारा 106 बीएनएसएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सिमाला प्रसाद के निर्देश पर सतना स्टेशन में अवैध सोना-चांदी के परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु सभी अप-डाउन यात्री गाडियों की निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर भावना मरावी के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक रेल कटनी अंकिता सुलिया के नेतृत्व में कार्यवाही की गयी।उप निरीक्षक राजेश राज ने बताया कि चौकी की टीम ने प्लेटफार्म क्रमांक-1 पर सुबह करीबन साढ़े 4 बजे महाकौशल एक्सप्रेस से उतरने वाले यात्रियों की निगरानी की। चेकिंग के दौरान संदिग्ध से दिख रहे व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गयी। पूछताछ के दौरान दो पिट्ठू बैग लेकर यात्रा कर रहा यात्री सकपका गया। तलाशी के दौरान उसके बैग से 30 किलो 618 ग्राम अवैध चांदी प्राप्त हुई। कार्यवाही जीआरपी प्रभारी राजेश राज द्वारा चौकी के कर्मचारियों,सहायक उप निरीक्षक अशोक तिवारी,प्रधान आरक्षक दयाचन्द्र तिवारी, आरक्षक प्रशांत यादव,आरक्षक पपनीश कुमार की टीम के साथ गयी।



## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को प्रथम वार्षिक ग्रीन एनवायरो पर्यावरण पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज, सतना।

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) को पर्यावरण प्रबंधन एवं सतत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रथम वार्षिक ग्रीन एनवायरो पर्यावरण पुरस्कार एवं सम्मेलन 2025” के अंतर्गत पर्यावरण उत्कृष्टता श्रेणी में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 19 जून 2025 को डेला एडवेंचर एंड रिसॉर्ट, लोनावला, महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से सहायक महाप्रबंधक बिहारी सिंह शेखावत (पर्यावरण विभाग) ने यह अवार्ड प्राप्त किया। इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु एवं महाराष्ट्र राज्य के कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष पासा पटेल को विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सतत विकास और औद्योगिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह पुरस्कार प्रिज्म सीमेंट को जल संरक्षण,ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा, वृक्षारोपण, कार्बन फुटप्रिंट में कमी, प्लास्टिक एवं खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन,और सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानकों के अनुपालन जैसे प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। प्रिज्म सीमेंट को अवार्ड पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत किये गए कार्यों जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन,ग्रीन एनर्जी को अपनाने एवं बढ़ावा देने के लिए,सघन वृक्षारोपण (10लाख पौधारोपण), कार्बन फुट प्रिंट रिडक्शन, प्लास्टिक एवं हजारडस वेस्ट मैनेजमेंट, सस्टैनिबिल्टी डेवलपमेंट में किये गए सराहनीय कार्यों एवं सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानको के अनुपालन के लिए प्रदान किया गया है। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन द्वारा पर्यावरण उत्कृष्टता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले इस पुरस्कार पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन,प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा एवं अन्य वरिष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार कश्यप,सहायक महाप्रबंधक सुमिताभ द्विवेदी, सहायक प्रबंधक अंकिता सिंह परिहार,सहायक प्रबंधक रीमा तिवारी एवं अन्य अधिकारियों को इस उपलब्धि की बधाई दी।



## इतिहास को फिर से देखने की आवश्यकता है: शारतेंदु

सतना।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री शरतेंदु तिवारी ने आपातकाल 50 वर्ष को काला दिवस बताया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर 25 जून 1975 की आधी रात को देश पर थोपे गए ‘आपातकाल’को 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की जनता ने तब तानाशाही के विरुद्ध स्वतंत्रता की एक और लड़ाई लड़ी थी। इस बार लड़ाई अपने ही दिग्भ्रमित सत्तालोलुप नेताओं से थी,जिसमें देश एक बार फिर विजेता बनकर उभरा था। पिछले कुछ वर्षों से कुछ विपक्षी नेता संविधान की प्रति हाथ में लिए भाषण देते दिखाई देते रहे हैं। बात-बात में संविधान की दुहाई देने का क्रम चल रहा है। भारत के स्वस्थ और मजबूत लोकतांत्रिक वातावरण में भी ‘लोकतंत्र व संविधान बचाने’के लिए सभाओं के प्रहसन चल रहे हैं। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर यह अवसर है जब मुड़कर इतिहास को फिर से देखने की आवश्यकता है। जयप्रकाश नारायण,अटल बिहारी वाजपेयी,लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी,राजनाथ सिंह जैसे अनेक वरिष्ठ विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों यहां तक कि छात्रों तक को जेल में बंद करा दिया। जेलों में अमानवीय यातनाएं दी गईं। बीमार होने पर दवाएं तक नहीं दी गईं।महिला बंदियों के साथ असम्मान जनक और अमानवीय व्यवहार किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय मध्य प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार जिला महामंत्री रमाकांत गौतम जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### क्षमता से अधिक रेत से भरे डंपर को एसडीएम ने पकड़ा, पुलिस अभिरक्षा में सौंपा, खनन विभाग को सौंपी जांच



**पवई।** नगर में इन दिनों क्षमता से अधिक रेत से भरे डंफरों की धमा चौकड़ी जारी है। अक्सर ही में इन डंपरों की वजह से नगर में कई जगहों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।इसी को देखते हुए अपनी निष्पक्ष और कठोर कार्यवाही के लिए प्रख्यात पवई एसडीएम समीक्षा जैन ने मंगलवार को पवई मोहन्द्रा मार्ग पर हड़ा मोड़ के पास एक क्षमता से अधिक भरे हुए रेत के डंपर को पकड़ा, दस्तावेजों की जांच की, क्षमता से अधिक भरे होने की वजह से एसडीएम ने कार्रवाई करते हुए उसे खनन विभाग को कार्यवाही के लिए सौंप दिया है। फिलहाल अभी डंपर पवई पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है बुधवार को खनन टीम के द्वारा आकर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही पवई एसडीएम ने कहा कि आने वाले समय में भी क्षमता से अधिक भरे हुए वाहनों,डंपर इत्यादि पर इसी तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

### विकासखण्ड एवं तहसील स्तरीय कार्यालयों में भी लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन अब सभी विकासखण्ड और तहसील स्तर के कार्यालयों में भी किया जाना है। राजस्व विभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कम्प्यूटर दक्ष सहयोगी स्टॉफ को शासकीय ई-मेल आईडी बनवाने, ईएमडी शीट में जानकारी भरकर भेजने तथा ई-ऑफिस परिचय संबंधी प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में 25 एवं 26 जून को दिया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सभी एसडीएम को अपने विकासखण्ड स्तरीय संबंधित लोकसेवकों के साथ निर्धारित तिथि को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को गुनौर अनुभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक तथा पवई एवं शाहनगर अनुभाग के शासकीय सेवकों का प्रशिक्षण दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया गया है, जबकि पन्ना एवं अजयगढ़ अनुभाग का प्रशिक्षण गुरूवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है।

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से परिचित कराने के लिए इस वर्ष भी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यटन के प्रति जागरूकता विकसित करना, प्रदेश की पर्यटन विरासत से अवगत कराना, पर्यटन की अपार संभावनाओं तथा रोजगार के रूप में पर्यटन को अपनाने संबंधित उन्मुखीकरण करना, प्रदेश में पर्यटन विरासत का प्रचार-प्रसार करना तथा प्रदेश में प्रगतिशील पर्यटन संभावनाओं की आधारशिला तैयार करना है। उत्सव के रूप में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इसके लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा। संबंधित स्कूलों द्वारा क्विज प्रतियोगिता हेतु गठित टीम का पंजीयन ऑनलाइन माध्यम व निर्धारित लिंक से 25 जून से प्रारंभ हो गया है। आगामी 18 जुलाई को शाम 5 बजे तक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। क्विज के जिला नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी ने बताया कि जिला स्तर पर प्रश्नोत्तर हल करने के बाद सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमों को मल्टीमीडिया ऑडियो विजुअल चरण में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। इस राउंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भी सहभागी होगी। जिला स्तर पर प्रतियोगिता की तिथि 1 अगस्त को प्रातः 9 बजे से रहेगी। क्विज प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पन्ना में क्विज मास्टर रामकिशोर गर्ग 9827716408 से संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य, सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि प्रतियोगिता के लिए अधिक से अधिक टीमों का पंजीयन कराएं। छात्र-छात्राओं से भी अपील की गई है कि क्विज प्रतियोगिता हेतु पंजीयन करवाएं।

# जमीनी हकीकत जन सुनवाई में कई बार सुर्खियां बन जाती है

**जीवित महिला को सचिव द्वारा पोर्टल में मृत बताया गया, पेंशन हुई बंद, पांच हजार रूप्ये मांगने का आरोप**



**पन्ना।**

कलेक्टर सुरेश कुमार जिन्होंने पंचायत स्तर तक जनसुनवाई को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने के लिये कार्यप्रणाली में अंजाम दिया था वहीं क्या ग्राम पंचायत स्तर पर इस तरह से जहां जीवित महिला को मृत बता दिया जाता है तो क्या पंचायत में जनसुनवाई में यह बात नहीं रखी गई थी वहीं जिला मुख्यालय तक मामला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंच गया जहां पन्ना जनपद के ग्राम पंचायत बराछ के सचिव के ऊपर पांच हजार रूपये मांगने का आरोप जीवित महिला को पुनः जीवित करने के लिये लगाये गये है क्योंकि एक बार जीवित महिला को सचिव महोदय ने पोर्टल में मृत घोषित कर दिया। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या महिला को मृत घोषित करना पोर्टल में किया गया वहीं ग्राम पंचायत जो जन्म मृत्यू के प्रमाण पत्र भी जारी करती है तो क्या उक्त महिला का मृत्यु प्रमाण पत्र भी ग्राम पंचायत से जारी किया गया था। वहीं उक्त महिला स्वयं जीवित हालत में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपने बेटे के साथ कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर दरकार कर रही है कि पुनः मृत जो दरशाया गया पोर्टल में जीवित किया जाये। मृत दर्शाने के कारण उक्त महिला की पेंशन बंद हो गई जहां पेंशन 600 रूपये जो मिलती थीर वह भी नहीं मिली कार्य प्रणाली पंचायत के सचिव को लेकर आरोप लगाये गये है कि जहां 5000 रूपये की मांग की गई है अब यह अलग बात है कि अब इस मामले में संबंधित सचिव अपना पक्ष क्या रखेंगे जहां जीवित महिला स्वयं कलेक्टर कार्यालय तक पहुंच गई तो वह मृत कैसे दर्शा दी गई। आखिरकार यहां अजीबो-गरीब कारनामा ग्राम पंचायत स्तर पर कह सकते है जमीनी हकीकत खुद कई बार सुर्खियां बन जाती है। पन्ना जिले के प्रशासन की जो कार्य प्रणाली है उस पर यह बदनुमा दाग जैसे है जहां इस तरह के सचिव है जो पंचायत स्तर में कैसे कार्य करते है वहीं आम जनता जो कि ग्राम पंचायत स्तर पर हर मंगलवार को जनसुनवाई में स्वयं पहुंचकर अपना निदान समस्याओं का अपनी पंचायत में करने के लिये आवेदन दे सकते है आखिर जिला स्तर तक आने में कहीं न कहीं समय व राशि दोनों व्यय होते है। जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच जिन्होंने ग्राम पंचायत स्तर में जनसुनवाई को प्रभावी रूप से अंजाम देने के लिये जो दिशा तय की आखिरकार आम जनता कब जागेगी जो पंचायत स्तर के कार्य जारे समस्याओं के रूप में होते है उन्हें पंचायत स्तर में ही निदान करने के लिये स्वयं ग्राम पंचायत कार्यालय में मंगलवार के दिन पहुंचकर जनसुनवाई में सीधा आवेदन देकर समस्या के निदान के लिये जिम्मेदारों के लिये चर्चा करनी चाहिये। इतना ही नहीं क्या पंचायत में ग्राम सभाओं का आयोजन जो किया जाता है इस पर भी इस तरह के मामलों को लेकर निराकरण के लिये जहां पंचायत स्तर पर आम जनता को अपनी भागिदारी का निर्वाहन करना लाजमी है। निश्चिततौर पर जमीनी हकीकत पंचायत स्तर की कार्य प्रणाली की पोल खोलती है कब होगा सुधार जिम्मेदार व आम जनता कब जागेंगे।

## ग्रामीण क्षेत्र व नगरीय क्षेत्र में क्या विद्युत प्रदान करने के अलग नियम?

जिले की अजयगढ़ जनपद अंतर्गत जहां विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली बारिस के मौसम के चलते आये दिन विद्युत व्यवस्था कई घंटों तक बंद रहती है जिम्मेदार बेखबर बने रहते है आखिरकार यह कैसी दास्तां

**पन्ना।** लंबे अर्से के बाद अजयगढ़ क्षेत्र में पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से विद्युत समस्या जो अजयगढ़ क्षेत्र में प्रमुख थी उसके निदान को लेकर जो दिशा तय की गई पर जमीनी हकीकत विद्युत विभाग के जिम्मेदारों के कारण आम आदमी में कहीं न कहीं नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में अलग-अलग नियमों के जैसे बयां कर रहे है। गौरतलब बात यह है कि जहां सरकार की मंशा साफ है कि 24 घंटे विद्युत प्रदान करने को लेकर मानी जा रही है वहीं अजयगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटे में लगभग 6 घंटे हरदम विद्युत गोल जैसे हालात खासकर बारिस के दिनों में हो रहे हे आखिरकार यह कैसी दास्तां जनप्रतिनिधि के प्रयासों में विद्युत विभाग के जिम्मेदार क्यों पानी फेर रहे है जहां बारिस के समय में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था की सख्त जरूरत होती है क्योंकि अब तो कैरोसीन भी नहीं मिलता आखिरकार उजेला कहां से हो वहीं विद्युत व्यवस्था लंबे समय तक लड़खड़ा जाती है या बंद कर दी जाती है यह तो जिम्मेदार ही जानें आय दिन के हालात जो इस तरह के नजर आते हे आम आदमी में कहीं न कहीं समस्या के चलते परेशानी बनी होती है वहीं जिम्मेदारों के द्वारा आखिरकार सरकार के नियमों का पालन जहां 24 घंटे विद्युत प्रदान करने के लिये जिस तरह से नगरीय क्षेत्र में जिम्मेदारी का निर्वाहन किया जाता है तो फिर ग्रामीण क्षेत्र में क्यों नहीं आखिरकार अजयगढ़ क्षेत्र में जैतूपुर में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा जो कराया गया जिससे अजयगढ़ क्षेत्र के साथ-साथ छतरपुर जिले के चंदला तहसील व क्षेत्र को विद्युत प्रदान की जाती है पर अजयगढ़ के दिया तले अंधेरा जैसे हालात क्यों? वहीं जैतूपुर सब स्टेशन के पास बीरा क्षेत्र में आने वाले गांवों में विद्युत प्रदान करने में आये दिन समस्या क्यों बनी रहती है वहीं 6-6 घंटे तक विद्युत प्रवाह बंद कर दिया जाता है साथ ही बारिस के समय आम आदमी को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है अभी ग्रामीण क्षेत्र में न तो सोलर लाईट की व्यवस्था और न ही लोगों को कैरोसीन मिलता है वहीं मात्र विद्युत ही प्रकाश के लिये सहारा होती है वहीं इन दिनों विद्युत व्यवस्था जो आय दिन समस्या को लेकर बनी हुई है क्या यह पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों में पानी फेरने जैसे हालात नहीं तो क्या। क्या जिम्मेदार 24 घंटे विद्युत प्रवाह प्रदान करने के लिये जिम्मेदारी को लेकर निभायेंगे दायित्व या इसी तरह कार्य प्रणाली रहेगी कायम जहां आम आदमी अपनी हर रात या दिन में विद्युत को लेकर परेशान ही बना रहेगा तो वह दिन दूर नहीं जब इसका खामियाजा विभाग के जिम्मेदारों को भोगना पड़ेगा आम जनता स्वयं ही कहीं न कहीं आंदोलन की राह तय करेगी।

## कांग्रेस की संस्कृति रही है पहले परिवार संविधान बाद में-गिरिश गौतम

संविधान को नष्ट करने वाले आज संविधान के प्रतियां संसद में लेकर घूमते हैं - सदानंद गौतम भाजपा को श्री नरेंद्र मोदी जैसा महान व्यक्ति आज मिला है जिससे लोकतंत्र की जड़े मजबूत हुई है बृजेंद्र मिश्रा





**पन्ना।** स्थानीय लव कुश वाटिका में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान के हत्या का काला दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम जी उपस्थित थे, कार्यक्रम की शुरुआत लोकतंत्र सैनानी एवं उनके परिजनों का शाल एवं श्री फल से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, विधायक पवई प्रहलाद लोधी, पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संतोष यादव नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे कार्यक्रम के संयोजक सुशील त्रिपाठी कार्यक्रम सहसंयोजक कमल लालवानी और प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी जी आशीष तिवारी लोकतन्त्र सैनानी अवध किशोर चौबे, त्रिलोक चंद्र जैन उपस्थित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गौतम ने कहा कि आपातकाल की यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल लगाने का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखने की लालसा में संविधान को रौंदने का कुत्सित प्रयास था। यह वह समय था जब संविधान को ताक पर रखकर व्यक्तिगत सत्ता की रक्षा के लिए पूरे देश को एक तानाशाही शासन के अधीन कर दिया गया था। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि 1970 के दशक की शुरुआत में भारत गंभीर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकटों से जूझ रहा था। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और असंतोष के कारण सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष बढ़ रहा था। इंदिरा गांधी की सत्ता को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जून 1975 को उनके निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया और उन्हें छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराया। इस फैसले के बाद देश भर में इंदिरा गांधी के इस्तीफे की मांग तेज हो गई। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विपक्ष ने ष्संपूर्ण क्रांतिष् का नारा दिया। इन सबके बीच 25 जून 1975 की रात को राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर देश में आपातकाल लागू कर दिया। इंदिरा गांधी ने कैबिनेट को विश्वास में नहीं लिया, आधी रात को राष्ट्रपति से चुपचाप आपातकाल लागू करवाया। संविधान की हत्या का काला दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदानंद गौतम ने कहा कि इंद्रा इज़ इंडिया और 'इंडिया इज़ इंदिरा' नारा कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच का प्रतीक था। एक व्यक्ति, एक परिवार को देश से बड़ा समझना ही कांग्रेस की वैचारिक विकृति है। आपातकाल की घोषणा के साथ ही भारत की लोकतांत्रिक संस्थाएँ रातों रात बंधक बना दी गईं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, और न्यायिक संरक्षण जैसे मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए। मीडिया पर कठोर सेंसरशिप लागू कर दी गई। विरोध करने वाले हजारों नेताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, साहित्यकारों को बिना मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया गया। 'इंदिरा इज़ इंडिया और इंडिया इज़ इंदिरा जैसे नारे लगाने वालों को पुरस्कृत किया गया, जबकि आलोचकों को देशद्रोही बताकर प्रताड़ति किया गया। लोकतंत्र सेनानी श्री अवध किशोर चौबे ने उस समय की स्थिति को बयां करते हैं कहाद आपातकाल के इस काले दौर में वामपंथियों ने इंदिरा गांधी का भरपूर समर्थन किया। इसके बदले में उन्हें प्रशासन और शिक्षा के क्षेत्र में ऊँचे पदों पर बिठाया गया। वे इतिहास, संस्कृति और पाठ्यक्रमों में अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने में सफल रहे। इससे देश की भावी पीढ़ी की सोच को प्रभावित करने की कोशिश की गई। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जनसंख्या नियंत्रण के नाम परजबरन नसबंदी का अभियान चलाया। लाखों गरीब पुरुषों को जबरदस्ती नसबंदी के लिए बाध्य किया गया। कार्यक्रम के अंत में आपातकाल काला दिवस पर आधारित प्रदर्शनी का श्री गौतम ने शुभारंभ किया कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक सुशील त्रिपाठी ने किया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम सह संयोजक कमल लालवानी ने किया।

## जिला स्तरीय परामर्श कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन की तैयारियों एवं आपदा योजनाओं में जेंडर समावेशन पर की चर्चा



**पन्ना।** डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट द्वारा यू एन वीमेन इंडिया के सहयोग से बुधवार को मड़ला के एमपीटी होटल मे जेंडर प्रतिक्रियाशील आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर जिला स्तरीय परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में आपदा प्रबंधन की तैयारियों सहित आपदा योजना में जेंडर समावेशन के संबंध में चर्चा की गई। इसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों और सिविल सोसायटी संगठन के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन के कार्य व दायित्वों में महिलाओं की बराबर भागीदारी सुनिश्चित करने तथा चुनौतियों से निपटने के तरीके व उपायों सहित लैंगिक दृष्टिकोण को एकीकृत करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उन्होंने जिला स्तर पर आपदा योजनाओं व तैयारी संबंधी जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि पन्ना जिला भौगोलिक दृष्टि से सभी मौसम में संवदेनशील है। उन्होंने कहा कि जलवायु जनित आपदाओं से बचाव सहित वृहद स्तर पर चेतावनी प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक क्षेत्र की भांति राहव व बचाव कार्य में भी महिलाओं की सहभागिता तथा जरूरत मुताबिक सुविधा उपलब्ध कराने की अपेक्षा की।



इस अवसर पर सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी जमीनी अनुभव साझा किए। आपदा प्रबंधन संस्थान के अधिकारियों डॉ. जॉर्ज वी. जोसेफ, अभिषेक मिश्रा सहित यू एन वीमेन संस्था से जॉयत्री रे, डॉ. सोमभा मोहंती एवं अंशुल सक्सेना ने भी परामर्श सत्र में सक्रिय भागीदारी की। यूनीसेफ के प्रतिनिधि नरेन्द्र ने भी परामर्श में सहभागिता की। सभी वक्ताओं द्वारा जिला आपदा प्रबंधन में जेंडर संवेदनशील दृष्टिकोण को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया गया। द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों ने जेंडर प्रतिक्रियाशील आपदा प्रबंधन योजनाओं को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। साथ ही समूहवार चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने व्यवहारिक अनुभव भी साझा किए। आपदा प्रबंधन की प्रत्येक प्रक्रिया के तहत तैयारी से लेकर पुनर्वास तक महिलाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।



## वन स्टॉप सेंटर में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज वन स्टॉप सेंटर पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड राजकुमार गौड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुए शिविर में महिलाओं को एसिड अटैक पीड़ति विधिक सहायता योजना, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, पॉक्सो अधिनियिम सहित महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों संबंधी विधिक प्रावधानों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम के अलावा प्राधिकरण कार्यालय एवं तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इसके अलावा किसी भी तरह की विधिक समस्या होने अथवा शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क करने की सलाह दी गई। शिविर में पवन पाण्डेय एवं विजयलक्ष्मी प्रजापति द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रक्रिया के विषय में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेंटर प्रशासक कविता पाण्डेय सहित अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

## कलेक्टर ने 30 जून की मध्य रात्रि के पश्चात से 1 अक्टूबर तक नदियों की रेत खदानों को किया प्रतिबंधित





**पन्ना।**

*भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की जारी गाइडलाइन अनुसार भारतीय मौसम विज्ञान नागपुर द्वारा मध्यप्रदेश में वर्षा ऋतु के लिए मानसून ऋतु की अवधि 15 जून से 1 अक्टूबर निर्धारित की गई है। राज्य स्तरीय पर्यावरण निर्धारण प्राधिकरण (सिया) द्वारा भी जिला स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों के हिसाब से नदियों से रेत खनन पर प्रतिबंध के लिए मानसून की अवधि पुनर्निधारण करने तथा खनिज साधन विभाग के निर्देशानुसार भी जिला कलेक्टर द्वारा मानसून आधारित खदान बंद करने की तिथि घोषित करने का प्रावधान किया गया है। इस क्रम में कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा इस वर्ष भी 30 जून की मध्य रात्रि के पश्चात से 1 अक्टूबर तक मानसून ऋतु की अवधि में जिले में स्थित नदियों की सभी रेत खदानों को पूर्णतः प्रतिबंधित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।*

## तेज रफ्तार डंपर ने पिकअप को मारी टक्कर, एक घायल, भगत सिंह तिराहा पर घटी घटना





**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अमानगंज से पवई-कटनी सड़क मार्ग पर बीती देर रात एक तेज रफ्तार डंपर ने जो पवई से अमानगंज की ओर आ रहा था और अमानगंज से पवई की ओर एक पिकअप जा रही थी उसे डंपर चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे पिकअप चालक के घायल होने की जानकारी प्रकाश में आई है जैसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रवाना किया गया है। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि यह पिकअप चालक पवई का निवासी है,जो थोक में अपनी पिकअप से फलों को लेकर पवई की ओर जा रहा था और यह घटना घटित हो गई। देर शाम जब स्थानीय पुलिस थाने से इस विषय में संपर्क कर जानकारी चाही गई, तो पुलिस का कहना था कि इस मामले में अब तक कोई जानकारी नहीं पहुंची है, हालांकि पुलिस के पास उक्त आरोपी डंपर जप्त बताया जा रहा है। शायद पिकअप चालक जब स्वस्थ होकर पुलिस थाना पहुंचेगा तब स्थानीय पुलिस अपनी कानूनी कार्यवाही करेगी।

## ठेकेदार की लापरवाही से रसोई कर्मचारी 17 माह से वेतन को लेकर हैरान, जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों से आ रही जानकारी

**अमानगंज।** मध्य प्रदेश राज्य शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आम जनमानस कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम जनमानस को अच्छी सुविधा देने की प्रयास में मैदान में कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य परिवार के क्षेत्र में हर प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के लिए भोजन व्यवस्था राज्य शासन की ओर से की गई है, परंतु यहां सेवारत कर्मचारी लंबे समय से अपना मानदेय पाने हैरान और परेशान बताये जा रहे हैं। पन्ना जिले के अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत रसोई कर्मचारी का कहना है, कि हमें 17 माह से वेतन ठेकेदार द्वारा नहीं दिया जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक हालात, सामाजिक हालत अत्यंत पतली हो गई है याद हो कि राज्य शासन द्वारा इस कार्य योजना को सीधे ठेकेदारी के माध्यम से मैदान में चलाया जा रहा है जो ऐसी स्थितियों में प्रभावित हो रही है। अब इस विषय को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन और जिला प्रशासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध यथा उचित कार्यवाही करनी होगी ताकि रसोई कर्मचारियों का मानदेय उन्हें निर्धारित समय पर प्राप्त हो और वह अस्पतालों में अपना काम पूरी मजबूती से कर सके।

## खबर संक्षेप

### शासकीय उचित मूल्य दुकान से एक मुश्त तीन माह के राशन का हो रहा वितरण, राशन नहीं मिलने पर तत्काल कराएं ई केवायसी

**छतरपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी छतरपुर ने जिले के समस्त पात्रता पर्ची धारी हितग्राहियों को सूचित किया है कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में तीन माह का एक मुश्त राशन का वितरण किया जा रहा है। हितग्राही अपनी नज़दीकी राशन दुकानों से माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 (03 माह) की एक मुश्त राशन सामग्री प्राप्त करें। साथ ही जिन हितग्राहियों के परिवार के सदस्यों की ईकेवायसी नही है, ऐसे सदस्यों की राशन सामग्री वितरण हेतु पीओएस मशीन में प्रदर्शित नही होगा, जिससे वह राशन से वंचित हो जायेगे। परन्तु पीओएस मशीन या मोबाइल ऐप से ई केवायसी कराने पर 48 घंटे में राशन सामग्री पीओएस मशीन में वितरण हेतु प्रदर्शित होने लगती है। साथ ही जिले के समस्त प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन धारी एवं सामान्य गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को भी सूचित किया जाता है कि अपनी नियत गैस एजेंसी में संपर्क कर ईकेवायसी कराया जाना सुनिश्चित करें।

### जिला पंचायत सीईओ ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यों का निरीक्षण किया, अधिकारियों को कार्यों में प्रगति बढ़ाने के निर्देश

**छतरपुर।** जिला पंचायत सीईओ छतरपुर तपस्या परिहार ने बुधवार को राजनगर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चंद्रनगर के ग्राम चुरारन में हॉर्टिकल्चर विभाग की नर्सरी का निरीक्षण किया। साथ ही ग्राम शिवराजपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम गंगवाहा में नवीन तालाब निर्माण के कार्य को मौके पर देखा और कार्यों में प्रगति बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जनपद सीईओ राकेश शुक्ला सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य संस्थाओं में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**दमोह।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चटर्जी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर गर्भवती महिला को गर्भावस्था की शुरूआत से ही सुलभ रूप से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल के लिए सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं इनके क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर समुदाय के निकट संचालित आयुष्मान आरोग्यम उप स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये गये है। डॉ. चटर्जी ने कहा कि सिविल अस्पताल हटा एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच-उपचार स्त्री रोग विशेषज्ञ/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा की जायेगी। जबकि 26 जून दिन गुरूवार को जिला चिकित्सालय एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिन्हित जोखिम वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में की जायेगी। आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र में सी.एच.ओ. द्वारा सामान्य गर्भावस्था वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के अलावा एलएमपी/अनियमित मासिक चक्र वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर गर्भावस्था दौरान रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में परामर्श सेवायें दी जायेगी।

## जिले में अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा

# जगह जगह बिक रही है शराब

### आबकारी अधिकारी, ठेकेदार की मिलीभगत से शासन को हो रहा राजस्व का नूकसान, अबैध शराब गांव गांव में बनी झगड़े की जड़

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

शासन द्वारा भले ही हर बर्ष बैध रूप से शराब बेचने के लिए मार्च माह में ठेकों की नीलामी कराई जाती है, और इस नीलामी में ठेकेदार बढ चढ कर हिस्सा लेते है। जिससे शासन को राजस्व का भारी मुनाफा भी होता है। क्योंकि आबकारी विभाग एक ऐसा विभाग है जो सबसे अधिक राजस्व देने बाला विभाग है। लेकिन देखा यह जाता है कि आबकारी विभाग और संबंधित ठेकेदार की मिलीभगत से छतरपुर जिले में अबैध शराब का कारोबार चल रहा है। इस अबैध शराब से जहां तमाम परिवार बर्वाद हो रहें है। वही दिनभर की रोजी रोटी कमाने बाले मजदूरों के घरों के चूल्हे नही जल रहें है। लेकिन अबैध शराब के कारोबार में लिप्त शराब माफियाओं को इस बात से कोई लेना देना नही है, उन्हें तो केबल अबैध शराब के कारोबार से भारी मुनाफा कमाना एक ही मकसद है। अबैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग की जिम्मेदारी है। लेकिन आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्व का पालन नहीं करते है। जबकि आये दिन पुलिस विज्ञप्तियों में अबैध शराब पकड़े जाने का हवाला दिया जाता है, अगर अबैध शराब बिक नही रही होती, तो पुलिस कैसे पकड़ती। पुलिस की कार्यवाही से स्पष्ट है कि जिले में अबैध शराब का कारोबार बड़ी तेजी से पनप रहा है। यहां तक कि शहरी इलाकों के अलावा गांव गांव में भी जहां शराब के ठेके नही खुले है। वहां भी शराब अबैध रूप से बेची जा रही है। यह शराब




ठेकेदारों के माध्यम से ही पहुचती है। अगर ठेकेदार द्वारा शराब उपलब्ध न कराई जाए तो अबैध रूप से शराब कैसे बिकेगी।

#### बमीठा से अलीपुरा जा रही शराब चर्चाओं में -

बीती रात बमीठा से अलीपुरा के लिए एक बाहन में भरकर शराब जा रही थी। जिसकी जानकारी मीडिया के कुछ लोगों को लगी तो उन्होने इस वाहन का पीछा भी किया, लेकिन आबकारी विभाग के एक उपनिरीक्षक ने आनन फानन में शराब से भरी इस गाड़ी को गन्तब्य तक पहुचाने का पूरा काम किया। जबकि मीडिया के लोगों से उस आबकारी उपनिरीक्षक से हुई बहस के कुछ बीडियो भी बायरल हो रहे है जब शराब अबैध नही थी, तो मीडिया के पहुचते ही आबकारी उपनिरीक्षक ने उस बाहन को आनन फानन में क्यों रवाना कर दिया और मीडिया के सवालों के जबाव नही दिया। यह भी चर्चा है कि उक्त शराब ठेकेदार शिवम मिश्रा की है जिसे बमीठा से सुरक्षा में फालो किया गया और उसे नौगांव क्षेत्र ले जाया जा रहा था। आबकारी विभाग के ठेकेदार के सामने अधिकारी पूरी तरह से नतमस्तक है पहले इस शराब को पुलिस ने पकड़ा था बाद में पुलिस ने आबकारी विभाग के सुपुर्द कर दिया। मीडिया के सामने अधिकारी घबराहट में कुछ बोल भी नही पा रहें थे।

#### विक्रय से प्रतिबंधित माल कैसे आया छतरपुर

आबकारी सूत्रों का दावा है कि डीएसआर कंपनी का माल छतरपुर में बिक्रय ये प्रतिबंधित है फिर यह माल छतरपुर कैसे आया मालवाहक वाहन दो तीन जगह खराब हुआ या फिर मात्र कहने के लिए खराब हुआ आखिर आबकारी अमला कड़ी मसकत कर पूरी ईमानदारी के साथ शराब बाहक बाहन का फालो गार्ड बना आबकारी अमले का बाहन शराब बाहन को छोड़कर पहले 20 किलो मीटर आगे निकल गया और फिर यह बाहन बापस आया और सुरक्षित ठिकाने पर वाहन खड़ा कर बोलेरो से माल को ठिकाने लगवाया, जो गंभीर जांच का विषय है। यह भी एक जांच का विषय है कि जो टीकमगढ़ की शराब छतरपुर में वेन है उसको होल सेल में खपाने के लिए नौगांव लाया गया था। लेकिन आबकारी उपनिरीक्षक ने इसकी जांच नही होने दी। अगर जांच होती तो इसका पर्दाफाश होता अबैध शराब का कारोबार आज से नही बल्कि बर्षा से चल रहा है और जनता को लूटा जा रहा है। कई अधिकारी आए और कई चले गए लेकिन शराब के दुकानों में लूटखसोट का कारोबार निरंतर चल रहा है। अभी कुछ दिनों पहले यह बात सामने आई थी कि शराब दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जा रहे है और क्यू आर कोड नहीं पड़ा हुआ है। आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर के पत्र अनुसार मदिरा दुकानों पर मदिरा की बिक्रय दरों के सत्यापन के लिए क्यू आर कोड चस्पा किए जाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन आबकारी आयुक्त के इस निर्देश का पालन करने में मात्र औपचारिकता निभाई गई यही कारण है कि आज भी शराब दुकानों में निर्धारित दरों से अधिक पैसे लिए जाते है। और मजबूर होकर शराब के शौकीन लोग देते है

#### बाइक से शराब का होता है अवैध परिवहन -

अक्सर शिकायतें मिलती है कि शराब दुकानों से शराब का अबैध परिवहन बाईकों के माध्यम से गांव गांव चल रहा है शाम होते ही शराब ठेकेदार के गुर्गे शराब दुकानों से शराब लेकर बाईकों के माध्यम से गांव गांव पहुचाने का काम करते है यही कारण है कि आज कोई ऐसा गांव शेष नही है जहां पर अबैध रूप से शराब न बिक रही हो और इस अबैध शराब ने गांव के लोगों का सुख चैन छीन लिया है अबैध शराब के कारण ही गांव में आयेदिन झगड़ा फसाद हो रहे है।

#### देर रात शराब उतरना नियम विरूद्व -

रात का शराब लेकर जा रहे बाहन के संबंध में जिला आबकारी अधिकारी का कहना है कि देर रात यानी रात 11.30 बजे के बाद शराब उतरना नियमविरूद्व है बैसे सुत्रों का कहना है कि फोर लाइन पर शराब के बाहन का जो बीडियो बायरल हुआ था बह शराब नौगांव के डिस्लरी रोड़ दुकान नबंर दो उतारी गई जिसके सीसीटीवी फुटेज भी बायरल हो रहे है अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस पूरे मामले की जांच कराकर सचाई का खुलासा करता है या नही आखिर यह शराब अबैध थी या बैध और जो टीकमगढ़ की प्रतिबंधित शराब है बह छतरपुर कैसे आई।

## अवैध गांजा में लिप्त दूसरा आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर।

मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। छतरपुर पुलिस द्वारा विगत महीनों में एनडीपीएस में 74 प्रकरण एवं आबकारी में 2000 से अधिक प्रकरण दर्ज किये गए हैं । 52 कुंतल से अधिक अफीम के पौधे, 800 किग्रा गांजा, 5 सैकड़ा से अधिक शीशी नशीली सिरप, दो-दो सैकड़ा से अधिक नशीली टैबलेट, इंजेक्शन, 16000 लीटर से अधिक अवैध शराब जप्त की गई है। थाना नौगांव पुलिस ने 3 दिन पूर्व ग्राम छोटा लक्ष्मनपुरा एवं ग्राम चौबारा दो आरोपियों को 4 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार किया था। आरोपियों के विरुद्ध थाना नौगांव में पृथक पृथक एनडीपीएस अधिनियम के तहत दो प्रकरण पंजीबद्ध किए गए थे। ग्राम छोटा लक्ष्मणपुरा में ढाई किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार आरोपी हरिनारायण गौतम पिता प्रेमलाल गौतम निवासी ग्राम सलैया से बारीकी से पूछताछ पर अवैध मादक पदार्थ में संलिप्त अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी लगी। उक्त प्रकरण में संलिप्त गांजा विक्रय करने वाला दूसरा आरोपी अजय उर्फ करन यादव पिता राकेश यादव निवासी ग्राम



खडगांव थाना मातगुंवा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से एक किलोग्राम से अधिक गांजा कीमत करीब 16000 जप्त किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह, उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह जादौन चौकी प्रभारी गर्रौली, उनि शेरजंग खान, सउनि शिवदयाल, हरिप्रकाश, प्रधान आरक्षक प्रमोद, मनीष, दृगपाल, राजकुमार, अरविन्द, आरक्षक मुकेश, जितेन्द्र, गजेन्द्र जाट, रामकुमार जाट, आशाराम, अरविन्द, धीरेन्द्र सिंह, कृष्णकुमार सायबर सैल से उपनिरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर प्रभारी सायबर सैल, आरक्षक धर्मराज, विजय की भूमिका रही।

## छतरपुर में ओवर लोडिंग पर नहीं लग रहा अंकुश, आरटीओ की कार्रवाई सवालों के घेरे में

छतरपुर।

शहर में आरटीओ विभाग की अनदेखी के चलते सड़कों पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कंडम (पुरानी और जर्जर) बसें बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रही हैं, जिनमें न केवल ओवरलोड सवारियां भरकर लाई जा रही हैं, बल्कि बसों की छतों पर भारी मात्रा में सामान भी लादा जा रहा है।
स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ये ओवरलोड बसें दुर्घटनाओं को न्यौता दे रही हैं, लेकिन आरटीओ विभाग मौन है। गौर करने वाली बात यह है कि जिन वस्तुओं को नियमों के अनुसार इस प्रकार से ढोया ही नहीं जा सकता, वे भी धड़ल्ले से इन बसों पर लादी जा रही हैं।



इस पूरे मामले में जब आरटीओ अधिकारी मधु सिंह से बात की गई, तो उनका कहना था कि समय-समय पर विभाग की ओर से चालानी कार्रवाई की जाती है। हालांकि, धरातल पर इन कार्रवाइयों का असर नजर नहीं आ रहा। सवाल यह उठता है कि जब सड़कों पर कानून को इस तरह खुलेआम तोड़ा जा रहा है, तो विभाग की कार्रवाई महज कागजों तक ही सीमित क्यों है? प्रशासन को इस ओर सख्त कदम उठाने की जरूरत है ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## छतरपुर में भ्रष्टाचार पर लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**धमोरा ग्राम में हुई कार्रवाई, नामांतरण के एवज में मांगी थी 3500 की रिश्वत, एक हजार रूपए लेते हुए पकड़ा गया**

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

जिले में भ्रष्टाचार पर नकेल कसते हुए लोकायुक्त पुलिस सागर की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। धमोरा ग्राम में पदस्थ पटवारी अनिल रूसिया को नामांतरण के एवज में एक हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई से राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है।



जानकारी के अनुसार, फरियादी रामप्रसाद कुशवाहा से पटवारी द्वारा कुल 3500 की रिश्वत मांगी गई थी। फरियादी ने पहले ही 2500 रूपए की राशि पटवारी को दे दी थी और शेष एक हजार रूपए की मांग को लेकर परेशान था। आखिरकार रामप्रसाद ने इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और सागर लोकायुक्त टीम से संपर्क किया।
लोकायुक्त टीम ने पूरी योजना के तहत कार्रवाई करते हुए जैसे ही पटवारी ने 1000 की शेष राशि ली, उसे मौके पर ही पकड़ लिया। यह कार्रवाई धमोरा हल्का में की गई, जहां अनिल रूसिया वर्तमान में पटवारी पद पर कार्यरत है। इस पूरे मामले में ओरछा थाना क्षेत्र में कार्रवाई की जा रही है। सागर लोकायुक्त की टीम ने रिश्वत की राशि को जब्त कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।
इस अवसर पर फरियादी रामप्रसाद कुशवाहा ने बताया कि मैंने नामांतरण के लिए आवेदन दिया था, लेकिन पटवारी लगातार रिश्वत की मांग कर रहा था। पहले 2500 देने के बाद भी काम नहीं हो रहा था। आखिर में 1000 और मांगने पर मैंने लोकायुक्त से शिकायत की।
वहीं, डीएसपी लोकायुक्त सागर संजय जैन ने बताया कि हमें शिकायत मिली थी कि पटवारी अनिल रूसिया नामांतरण की प्रक्रिया में रिश्वत मांग रहा है। हमने फरियादी के सहयोग से जाल बिछाया और उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप है और आम जनता ने लोकायुक्त की तत्परता की सराहना की है।




## आकाशीय बिजली गिरने से किसान की दर्दनाक मौत

**हरपालपुर।** नगर के बस स्टैंड के समीप खेत मे जुताई का काम कर रहे किसान की खेत पर बनी कोठी पर दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गयी जानकारी के मुताबिक बुधवार 2 बजकर 50 मिनिट के लगभग राजेन्द्र सिंह गौर उम्र लगभग 55 वर्षीय अपने खेत पर बुबाई का काम कर रहे थे बारिश होने से खेत पर बनी कोठी पर अंदर चले गए उसी समय अचानक से आसमान से तेज गडग़ड़ाहट के साथ आसमान से खेत के मकान की छत पर आसमानी बिजली गिरी और किसान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए आनन फानन में परिजन घायल को ट्रैक्टर में रखकर अस्पताल ले गए लेकिन अस्पताल में मौके पर कोई कोई डॉ मौजूद नही थे अस्पताल में मौजूद स्टॉफ ने मरीज की जानकारी डॉ को दी से कुछ देर बाद अस्पताल पहुँचे डॉ ने घायल को देखा टैब तक बहुद देर हो चुकी थी और डॉ ने राजेन्द्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी इसके बाद पुलिस के द्वारा मर्ग दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही।

## ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका का 60वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया

छतरपुर।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती (मम्मा) का 60वां पुण्य स्मृति दिवस ब्रह्मा कुमारीज किशोर सागर द्वारा सभी भाई बहनों की मौजूदगी में बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा ने मम्मा के विषय में बताते हुए कहा कि इतने बड़े यज्ञ को लेकर चलना, इतने सारे भाई बहनों को हर प्रकार से तन मन धन से पालना के साथ-साथ उनकी सूक्ष्म अवस्था का भी ध्यान रखना, छोटी-छोटी बातों के लिए कायदे कानून भी सिखाना, मम्मा प्यार से तो चलाती थी लेकिन मम्मा अनुशासन के प्रति बहुत कड़क थी जो नियम- कानून बनें उन नियमों को फॉलो करना ही है। वह कहां करती थी की जो कर्म मैं करूंगी मुझे देखकर और करेंगे इसलिए आप सभी के कर्म ऐसे दिव्य श्रेष्ठ और महान हों कि



आपको देखकर दूसरे भी उस राह पर चलने के लिए प्रेरित हो सकें। जगदंबा सरस्वती ने हम सभी को ईश्वरीय मर्यादाएं और नियम सिखाऐ। मम्मा बचपन से ही तपस्वी और दिव्य बुद्धि की धनी थी उनके सामने कैसी भी परिस्थिति आई लेकिन वह कभी विचलित नहीं हुईं। उन्होंने कठिन योग साधना से स्वयं को इतना शक्तिशाली बना लिया था कि कैसा भी क्रोधी व्यक्ति उनके सामने आता था तो बस शांत हो जाता था। आप रात में 2:00 बजे से योग साधना करती थी आपने सदा हांजी का पाठ पढ़ा। आप ब्रह्मावत्सों के लिए प्रेरणादाई पथ प्रदर्शक और ईश्वरीय मार्ग पर चलने के लिए एक मिसाल हैं। इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में सभी ने मिलकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये और मम्मा की विशेषताओं को जीवन में धारण करने की प्रेरणा लेते हुए उन्हें फॉलो करने का संकल्प किया। तत्पश्चात विश्व शांति हेतु योग के वाइब्रेशन फैलाने के लिए मैडिटेशन किया गया और अंत में सभी ने ईश्वरीय प्रसाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### फरार आरोपी पर 10 हजार के ईनाम की घोषणा



**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने हत्या के मामले फरार अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है। यह घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नईगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी सेंगरान में अनूप उर्फ सुमित पिता सुभाषचन्द्र शर्मा का शव 16 अगस्त 2024 को बरामद हुआ था। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गर्दन के बाईं ओर गंभीर घाव का उल्लेख किया गया। थाना नईगढ़ी में प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गई। अब तक अज्ञात आरोपी के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। आरोपी को बंदी बनाने अथवा बंदी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

### जनपद के 5 उपयंत्रियों का एक सप्ताह का वेतन राजसात किया गया

**मऊगंज।** जनपद पंचायत के अन्तर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को समयावधि में पूर्ण न कराने एवं लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रगति न्यून होने पर जिले के ग्रामीण विकास विभाग के 5 उपयंत्रियों का एक सप्ताह का वेतन राजसात किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने उपयंत्री शिवेन्द्र मोहन तिवारी, डीके मिश्रा, हर्षित पाण्डेय, रामचन्द्र कुशवाहा एवं दीपक शर्मा का सात दिवस का वेतन राजसात करने का आदेश दिया है।

### डिप्टी सीएम ने ब्लड बैंक एवं ब्लड सेपरेशन यूनिट का किया शुभारंभ

# ब्लड सेपरेशन यूनिट रीवा के लिये बड़ी उपलब्धि

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा मेडिकल हब बन रहा है ऐसे समय में ब्लड सेपरेशन यूनिट रीवा के लिये बड़ी सौगात है। ब्लड सेपरेशन यूनिट में एक व्यक्ति द्वारा दिये गये रक्तदान से चार व्यक्तियों की रक्त की आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है। उप मुख्यमंत्री ने रेडक्रास भवन में भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित किये जाने वाले ब्लड बैंक एवं ब्लड सेपरेशन यूनिट का शुभारंभ किया।रेडक्रास भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल के अतिरिक्त रेडक्रास सोसायटी का ब्लड बैंक व ब्लड सेपरेशन यूनिट मरीजों की रक्त उपलब्धता में सहायक होगा। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़ कर रक्तदान करने की अपील की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने भी लगभग 30 बार रक्तदान किया है। रक्तदान से किसी जरूरत मंद की मदद होती है। अतः आगे बढ़कर रक्तदान करें ताकि ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त की उपलब्धता रहे व जरूरतमंद को सुविधा से प्राप्त हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में संजय गांधी अस्पताल के पुर्नरूद्वार एवं नवीनीकरण के लिये 325 करोड़ रूपये तथा नवीन मशीनों की स्थापना के लिये 100 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत कराई गई है। रीवा में 200 विस्तर का कैंसर अस्पताल निर्माणाधीन है। इन सब उपलब्धियों के साथ ब्लड सेपरेशन यूनिट का अपना



विशेष महत्व रहेगा। उन्होंने यूनिट की स्थापना के लिये रेडक्रास के चेयरमैन व पदाधिकारियों द्वारा किये गये प्रयासों के लिये साधुवाद दिया तथा इसके व्यवस्थित संचालन की अपेक्षा की। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से यह बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। उन्हीं के प्रयासों से ही रीवा प्रदेश व देश में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। ब्लड सेपरेशन यूनिट की स्थापना इस क्षेत्र के मरीजों के लिये वरदान साबित होगी। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से सभी के सहयोग से सेवाभाव का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को डॉ. सी.बी.शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ. बी.के. शर्मा ने जानकारी दी कि ब्लड सेपरेशन यूनिट 24 घंटे कार्य करेगी। यहां रक्त को चार भागों में विभक्तीकरण कर मरीजों को उपलब्धता सुनिश्चित कराई जायेगी। कार्यक्रम का संचालन सचिव रेडक्रास सोसायटी डॉ. विनोद श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जयंत खन्ना, संयुक्त संचालक अनिल दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह सहित रेडक्रास के पदाधिकारी, सदस्य, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि व गणमान्यजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा के प्राचार्य बने डॉ आर पी तिवारी



**रीवा।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रीवा के प्राचार्य के पद पर डॉ आर पी तिवारी की पदस्थापना के आदेश तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा जारी किए गए है । डॉ आर पी तिवारी महाविद्यालय के सिविल विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक के साथ साथ महाविद्यालय के सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं एकडमिक डीन पद पर कार्यरत है । डॉ तिवारी देश के सिविल इंजीनियरिंग के ख्यातिलब्ध विषय विशेषज्ञ एवं एकडमिशियन के रूप जाने जाते है एवं देश की कई महत्वपूर्ण तकनीकी कमेटियों के सदस्य भी हैं, डॉ तिवारी आईआईटी दिल्ली के पीएच डी स्कॉलर हैं, पूर्व में शासकीय इंजीनियरिंग कालेज नौगांव के प्रथम प्राचार्य के रूप में डॉक्टर तिवारी को प्रशासनिक अनुभव प्राप्त है। डॉ आर पी तिवारी के शा इंजीनियरिंग महाविद्यालय रीवा के प्राचार्य के पद पर पदस्थापना होने पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओ ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कुख्यात बदमाश लकी साकेत को 7 साल की सश्रम कारावास

**दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय ने सुनाया अहम फैसला, फर्जी मार्कशीट से ली थी अग्रिम जमानत**

**रीवा।** जिले के कुख्यात बदमाश लकी साकेत को न्यायालय ने दो अलग-अलग मामले में सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। चौदहवें अपर सत्र न्यायाधीश ने थाना विश्वविद्यालय के अपराध क्र. 310/2016 अन्तर्गत धारा 420,467,468,471 भादवि के सत्र प्रकरण क्र.231/2017 शासन बनाम प्रशान्त देवांगन उर्फ लकी साकेत में देवांगन उर्फ लकी साकेत पिता वंशपति साकेत 29 वर्ष निवासी नीम चौराहा आनन्द नगर थाना वि.वि.म.प्र.को 7-7, 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।



अपर लोक अभियोजक डी.एन.मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 14 मार्च 2014 को फरियादी सुनील सिंह पिता रामसिंह उम्र 26 वर्ष निवासी सिंघल नर्सिंग होम के बगल में बरा ने रिपोर्ट किया था कि उक्त दिनांक को आरोपी लकी साकेत उर्फ प्रशांत देवांगन अपने अन्य साथियों के साथ पुरानी बातों को लेकर चैनल गेट के अंदर घुस कर मां बहन की गाली दिया और जान से मारने की धमकी दिया सूचना पर अपराध क्र.145/14 अन्तर्गत धारा 294,452,506वी/34 भादवि कायम किया था। आरोपी लकी उर्फ प्रशांत देवांगन अपनी उपरोक्त मामले में अग्रिम जमानत कराने के लिए बेल क्र.467/14 दिनांक 3.4.2014 लगाया था एवं आवेदन पत्र के साथ माध्यमिक शिक्षा मण्डल हाईस्कूल की वर्ष 2013 की अंकसूची प्रस्तुत किया था। माननीय सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश महोदय रीवा ने आरोपी को जमानत देने के उपरांत तत्कालीन वि.वि.थाना प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह को उक्त मार्कशीट सत्यता की तस्दीक करने हेतु आदेशित किया था एवं थाना प्रभारी आदित्य सिंह द्वारा अन्वेषण करने के उपरांत पाया गया कि आरोपी द्वारा प्रस्तुत अंकसूची कूटरचित व फर्जी है , जिसके आधार पर आरोपी के विरुद्ध थाना वि.वि.में अपराध क्र.310/2016 अन्तर्गत धारा 420,467,468,471 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अपर लोक अभियोजक डी.एन.मिश्रा ने अपने कर्तव्यों का वखूबी निर्वहन करते हुए साक्षियों के साक्ष्य कराये एवं वाकपटुता के साथ तर्क प्रस्तुत किये। माननीय न्यायालय चौदहवें अपर सत्र न्यायाधीश महोदय रीवा संतोष तिवारी द्वारा पाया गया कि अभियोजन प्रकरण को संदेह से परे प्रमाणित करने में सफल रहा है एवं दिनांक 18.06.2024 को निर्णय पारित करते हुए आरोपी प्रशांत देवांगन उर्फ लकी साकेत को धारा 420 व 468 में 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदण्ड तथा धारा 467 व 471 में 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास व दो-दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड के व्यतिक्रम की दशा में 3-3 माह व 6-6 माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया है जिनमें सभी सजायें एक साथ भुगताये जाने का आदेश पारित किया गया है।

# फल व्यापारी को नकाबपोश युवती ने 85 हजार रुपए की लगाई चपत

**समान थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्राहट मोहल्ले की घटना**

**रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्राहट मोहल्ले में संचालित उत्तम फ्रूट्स दुकान से एक नकाबपोश युवती द्वारा दुकान संचालक का मोबाइल चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है शातिर युवती द्वारा संजय गुप्ता के अकाउंट से ऑनलाइन 85 हजार रुपए भी ट्रांसपर कर लिए गए है। पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत सामान थाने और साइबर सेल में दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पीड़ित संजय गुप्ता ने बताया कि बीते 18 तारीख की शाम लगभग 6.15 पर एक युवती चेहरे में कपड़ा बांधे हुए दुकान के अंदर आई और पानी पीने के बहाने मोबाइल चोरी कर ली। संजय के मुताबिक युवती दुकान से मोबाइल चोरी कर चली गई और कुछ ही देर बाद 85 हजार रुपए ऑनलाइन उसके अकाउंट से बालाजी फ्रूट्स नाम के अकाउंट में ट्रांसफर कर ली। संजय की माने तो उसको यह जानकारी बैंक से दी गई है जीसके बाद उसने पुलिस को भी इसकी जानकारी दी है और साइबर सेल में भी रिपोर्ट दर्ज कराई है, पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर युवती की भी तलाश में लगी है।

# नौकरी का झांसा देकर महिला से वसूले 90 हजार

**जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंची महिला ने लगाए गंभीर आरोप**

**रीवा।** जिले में सरकारी नियुक्तियों में फर्जीवाड़ा और बेरोजगारों की मजबूरी का फायदा उठाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला गंगेव ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा है, जहां एक महिला से आशा कार्यकर्ता की नौकरी दिलाने के नाम पर 90 हजार रुपये की वसूली का सनसनीखेज आरोप सामने आया है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों के खिलाफ विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है,शिकायत करने वाली महिला किरण देवी साकेत ने जनसुनवाई में अधिकारियों को बताया कि उसे गंगेव के खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा आशा कार्यकर्ता पद पर नियुक्ति का प्रलोभन देकर पैसे की मांग की गई थी। महिला के अनुसार, नियुक्ति के एवज में पहले 80 हजार रुपये नकद लिए गए, और उसके बाद एक फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर उसे काम पर भी लगा दिया गया। महिला का कहना है कि वह नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्र में हाजिरी दर्ज कर काम करती रही, लेकिन कुछ समय बाद उससे और 10 हजार रुपये भोपाल भेजे जाने के नाम पर मांगे गए। महिला ने जब दस्तावेजों की पड़ताल की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। न तो उसकी नियुक्ति पोर्टल पर पंजीकृत थी और न ही कोई वैध आदेश मौजूद था। उसे यह भी बताया गया कि नियुक्तियों की प्रक्रिया विज्ञापन जारी होने के कुछ समय बाद ही रोक दी गई थी और किसी की भी वैधानिक नियुक्ति नहीं हुई थी। लगातार आश्वासन दिए जाने के बावजूद जब महीनों तक न तो नौकरी की पुष्टि हुई और न ही पैसे वापस किए गए, तो पीड़िता ने कलेक्टर कार्यालय की शरण ली। जनसुनवाई में अपनी बात रखते हुए उसने मांग की कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उसे न्याय दिलाया जाए। पूरे प्रकरण ने स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी को उजागर कर दिया है।



# आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित होंगे - संयुक्त कलेक्टर

**रीवा ।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार जिले भर में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। इस संबंध में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों को आपातकाल से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने कहा कि भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। सरकार के संस्कृति विभाग के निर्देशों के अनुसार 25 जून 2025 से लेकर 25 जून 2026 तक आपातकाल तथा संविधान की हत्या से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज ही नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से जागरूकता के लिए 6 मशालें देश के भ्रमण के लिए रवाना हो रही हैं। सभी राज्यों के प्रमुख शहरों में इनका भ्रमण होगा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनता को 1975 में लगाए गए आपातकाल के संबंध में जानकारी दी जाएगी। शिक्षण संस्थाओं में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन तथा फोटो प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में जागरूक किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह देश की न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के गठन तथा संचालन का आधार है। संविधान के आधार पर ही देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हुई है। संविधान में आमजनता को विभिन्न तरह की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और कर्तव्यों का विस्तार से उल्लेख है। आमजनता के मूल अधिकारों की रक्षा संविधान में निहित है। कार्यक्रम में उप संचालक शिक्षा केपी तिवारी ने कहा कि 1975 में तत्कालीन सरकार ने नागरिकों के मूल अधिकारों और अभिव्यक्त की आजादी को निलंबित कर दिया था। लाखों निरपराध लोगों पर बिना मुकदमा चलाए जेलों में बंद रखा गया। रीवा में आपातकाल का विरोध करते हुए सैकड़ों व्यक्ति जेल गए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री जायसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपातकाल को 50 वर्ष पूरे हो गए हैं। युवाओं और बच्चों को आपातकाल के संबंध में पूरी जानकारी रखनी चाहिए। मौलिक अधिकारों के हनन और प्रेस की आजादी छीनने से जो अराजकता उत्पन्न हुई उसके संबंध में युवाओं को अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम में एसके स्कूल के प्राचार्य मिथिलेश गहरवार, सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अंधविश्वास की भेंट चढ़ी महिला, सर्पदंश के बाद समय पर नहीं मिला इलाज, हुई मौत

**रीवा।** जिले के गढ़ थाना अंतर्गत लौरी नंबर-2 गांव में मंगलवार की सुबह एक महिला की सर्पदंश के बाद मौत हो गई। चिंता की बात यह रही कि परिजन उसे समय पर अस्पताल न ले जाकर झाड़-फूंक में उलझे रहे, जिससे उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मिली जानकारी अनुसार घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है जब 37 वर्षीय रामकली आदिवासी, पत्नी वीरेंद्र आदिवासी, रोज़मर्रा की तरह पशुओं के लिए भूसा निकालने घर के पीछे गई थी। तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। सर्पदंश के तुरंत बाद रामकली की हालत बिगड़ने लगी और उसने शोर मचाया, लेकिन इसके बावजूद परिजन गंभीरता को समझ नहीं सके। अस्पताल पहुंचाने की बजाय परिजन उसे गांव में एक तथाकथित झाड़फूंक करने वाले के पास ले गए। कीमती समय इलाज के बजाय अंधविश्वास में गंवाया गया और महिला की हालत लगातार बिगड़ती गई। बाद में जब उसे अस्पताल लाया गया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद रामकली को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गंगेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मर्चुरी में रखवाया है। गढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिले में 1047728 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 11 लाख 99 हजार 962 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इनमें से 27976 अपात्र तथा मृत हितग्राहियों के नाम एम राशन मित्र पोर्टल से हटाने की कार्यवाही ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों द्वारा की जा रही है। अब तक 1047728 सदस्यों की ईकेवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा चुका है। शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। ई केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है। जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि 25 जून तक जिले में 10 लाख 47 हजार 728 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 87.3 प्रतिशत है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 134978, जवा में 129664, रायपुर कर्चुलियान में 167683, रीवा में 168520, सिरमौर में 181683, त्योंथर में 123440 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 68536, नगर परिषद डभौरा में 13323, बैकुण्ठपुर में 6074, चाकघाट में 5790, गोविंदगढ़ में 7149, गुढ़ में 9061, मनगवां में 7340, सेमरिया में 8695, नगर परिषद सिरमौर में 5927 तथा नगर परिषद त्योंथर में 9465 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है।

### नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

**रीवा ।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जनसहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 जून को आयोजित किया गया है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधितों को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं। प्रशिक्षण में संभागान्तर्गत जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत तथा अन्य अधिकारी भाग लेंगे।

# मऊगंज में संविधान हत्या दिवस का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार जिला मुख्यालय में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई।

कार्यक्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। सरकार के संस्कृति विभाग के निर्देशों के अनुसार 25 जून 2025 से लेकर 25 जून 2026 तक आपातकाल तथा संविधान की हत्या से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से जागरूकता के लिए 6 मशालें देश के भ्रमण के लिए रवाना हो रही हैं। सभी राज्यों के प्रमुख शहरों में इनका भ्रमण होगा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनता को 1975 में लगाए गए आपातकाल के संबंध में जानकारी दी जाएगी। शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में जागरूक



किया जाएगा। इस अवसर पर बताया गया कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह देश की न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के गठन तथा संचालन का आधार है। संविधान के आधार पर ही देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हुई है। संविधान में आमजनता को विभिन्न तरह की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और कर्तव्यों का विस्तार से उल्लेख है। आमजनता के मूल अधिकारों की रक्षा संविधान में निहित है। वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार ने नागरिकों के मूल अधिकारों और अभिव्यक्त की आजादी को निलंबित कर दिया था। लाखों निरपराध लोगों पर बिना मुकदमा चलाए जेलों में बंद रखा गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता, एसडीएम बीके पाण्डेय, एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।